CYCLE RALLY 2 Dec. 2021

(1) "जागरूक नारी, शक्ति हमारी"

आज आज़ादी का 'अमृत महोत्सव' श्रृंखला के अन्तर्गत महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ- 'नवज्योति' के तत्त्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 अपर्णा बत्रा तथा डॉ0 इन्दु शर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जिसके लिए प्राचार्या डॉ0 रजनी राघव ने उनको बधाई दी। महिलाओं और लड़कियों को अपराध के खिलाफ जागरूक करने के लिए हरियाणा महिला पुलिस ने संपूर्ण हरियाणा प्रान्त में जागृति अभियान के अन्तर्गत विभिन्न जिलों एवं तहसीलों में साईकिल रैली की मुहिम शुरू की। यह रैली 16 नवम्बर 2021 को पंचकुला से पुलिस इंस्पैक्टर माया के नेतृत्व में शुरू की गई है जो अब तक 675 किलोमीटर की साईकिल यात्रा पूर्ण कर चुकी है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 रजनी राघव ने बताया कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में योद्धा हैं। हमारी आज की छात्राएं ही कल का भविष्य हैं।

भिवानी के डीएसपी विरेन्द्र सिंह ने हरियाणा पुलिस, भिवानी की तरफ से इस जागृति अभियान का स्वागत किया और छात्राओं को पुलिस विभाग की जानकारियों से अवगत कराया। इंस्पैक्टर माया ने अपने संबोधन में इस साईकिल यात्रा का लक्ष्य एवं उद्देष्य स्पष्ट किया। उन्होंने महिला हेल्पलाईन नं0 1091, इमेरजैंसी पुलिस नं0 112, बच्चों का हेल्पलाईन नं0 1098, दुर्गा शक्ति ऐप आदि की विस्तृत जानकारी छात्राओं से सांझा की। इंस्पैक्टर माया ने बताया कि वर्तमान में महिलाओं के साथ साइबर अपराध, एसिड अटैक, बलात्कार, छेड़छाड़,

नं0 1091, इमेरजैंसी पुलिस नं0 112, बच्चों का हेल्पलाईन नं0 1098, दुर्गा शक्ति ऐप आदि की विस्तृत जानकारी छात्राओं से सांझा की। इंस्पैक्टर माया ने बताया कि वर्तमान में महिलाओं के साथ साइबर अपराध, एसिड अटैक, बलात्कार, छेड़छाड़, दहेज प्रथा, बाल-विवाह आदि अपराधों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है, यदि महिलाएं उसे रोकना चाहती हैं तो उन्हें कानूनों तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग बनना होगा। उन्होंने छात्राओं को अपना मोबाईल नं0 किसी अनजान व्यक्ति से शेयर न करने की सलाह दी। उन्होंने समझाया कि कैब इत्यादि में कहीं जाते हुए अपनी लोकेशन को जीपीएस के माध्यम से ऑन रखें। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा पुलिस का यह जागृति अभियान तभी सफल बनेगा, जब हमारी बेटियां जागरूक और सुरक्षित रहेंगी। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रिया ने अपनी स्त्री- विषयक कविता द्वारा छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सचेत होने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपप्राचार्या श्रीमती रचना अरोड़ा, डॉ0 मधु मालती, समस्त प्राध्यापिका वर्ग तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

(2)

12.2.2022

2021-22

**आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी** Press Note

**महिला प्रकोष्ठ – 'नवज्योति'**

राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 12 फरवरी को आदर्श महिला महाविद्यालय सभागार में महिला प्रकोष्ठ – 'नवज्योति' के तत्वावधान में प्रबन्धकारिणी समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला एवं प्राचार्या श्रीमती रचना अरोड़ा के मार्गदर्शन में हिसार से आई सुप्रसिद्ध लेखिका, समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ0 शमीम शर्मा के विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिकाओं डॉ0 अपर्णा बत्रा एवं डॉ0 इन्दु शर्मा ने सर्वप्रथम डॉ0 शमीम शर्मा का अभिनन्दन किया। डॉ0 अपर्णा बत्रा ने छात्राओं एवं प्राध्यापिका–वर्ग के समक्ष उनका परिचय प्रस्तुत किया। डॉ0 शमीम शर्मा ने उपस्थित छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं के समक्ष महत्त्वपूर्ण विषय "महिला सशक्तिकरण : समस्याएं, समाधान एवं संभावनाएं" पर अपने विचार साझा किए। अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में उन्होंने देश में महिलाओं की वर्तमान दशा एवं महिला–सशक्तिकरण की आगामी दिशा के विषय में विस्तार से चर्चा की उन्होने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रखें उसका मनन व गुणन करें। अपने हुनर में पारंगत होकर आत्मनिर्भर बनें। साथ ही छात्राओं से यह भी कहा कि अकेलेपन व मानसिक अवसाद से उभरने के लिए माता–पिता एवं अध्यापकगण से संवाद करें। उन्होंनें यह भी कहा कि आप सभी अपने आप को प्रेम, अनुशासन एवं समय प्रबंधन से बांधे व अन्य सामाजिक कुरीति रूपी बेड़ियों से स्वयं को स्वतंत्र रखें। अपने जीवन के एम्पायर के रूप में माता–पिता एवं अध्यापक को समझे और उनके संकेतों, इशारों व सीख को शिरोधाय कर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। मोबाइल के दुरूपयोगों की भी विस्तृत चर्चा छात्राओं के साथ साझा की और इसका सदुपयोग करने के लिए छात्राओं से अपील की। राष्ट्रपति–पदक प्राप्त, हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित, हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा अनेक बार पुरस्कृत डॉक्टर शमीम शर्मा ने छात्राओं के साथ अपने संघर्ष एवं सफलता के विभिन्न अनुभव साझे किए। वक्ता ने अपने उत्साहवर्धन संबोधन में साहस का मूल–मंत्र देते हुए जीवन की कठिनाइयों का सामना करने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ0 अपर्णा बत्रा ने कहा कि आज भारत में महिला सशक्तिकरण निर्णायक दौर में पहुंच चुका है एवं आगे की रणनीति निर्धारण करने के लिए निरंतर वैचारिक मंथन की अत्यंत आवश्यकता है। प्राचार्या श्रीमती रचना अरोड़ा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए

(2)

आयोजकों को बधाई दी एवं भविष्य में भी महिला–सशक्तिकरण संबंधी सार्थक आयोजन करते रहने का आग्रह किया और छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि माता–पिता एवं अध्यापक का कहना माने, आत्मविश्वास के साथ विचारों की अभिव्यक्ति करें अपनी इच्छा शक्ति को उच्च रखें व कानूनों के प्रति जागरुक रहें।

महाविद्यालय छात्राओं, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 मधु मालती एवं प्राध्यापिकाओं ने कार्यक्रम में विशेष रुचि ली तथा डॉक्टर शमीम शर्मा के साथ स्त्री–जीवन से जुड़े अनेक महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर सभागार में महिला सशक्तिकरण से ओत–प्रोत कविताएं भी छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कि गई।

Women Cell

Dainik Bhaskar
13-02-2

Amar Ujala
13-02-2022

# शिक्षा को मात्र डिग्री तक सीमित न रखें उसका मनन और गुणन करें: डॉ. शमीम

## राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आदर्श महिला कॉलेज में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

भास्कर न्यूज|भिवानी

राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 12 फरवरी को आदर्श महिला महाविद्यालय सभागार में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। विस्तार व्याख्यान महिला प्रकोष्ठ नवज्योति के तत्वावधान में प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला एवं प्राचार्या रचना अरोड़ा के मार्गदर्शन में हिसार से लेखिका, समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. शमीम शर्मा के विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।



भिवानी। आदर्श महिला महाविद्यालय सभागार में विस्तार व्याख्यान के दौरान गणमान्य नागरिक, शिक्षक व विद्यार्थी।

डॉ. शमीम शर्मा ने उपस्थित छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं के समक्ष महत्वपूर्ण विषय महिला सशक्तिकरण: समस्याएं, समाधान एवं संभावनाएं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रखें उसका मनन व गुणन करें। अपने हुनर में पारंगत होकर आत्मनिर्भर बनें। साथ ही छात्राओं से यह भी कहा कि अकेलेपन व मानसिक अवसाद से उभरने के लिए माता-पिता एवं अध्यापकगण से संवाद करें। मोबाइल के दुरुपयोगों की भी विस्तृत चर्चा छात्राओं के साथ साझा की और इसका सदुपयोग करने के लिए छात्राओं से अपील की।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अपर्णा बत्रा ने कहा कि आज भारत में महिला सशक्तिकरण निर्णायक दौर में पहुंच चुका है एवं आगे की रणनीति निर्धारण करने के लिए निरंतर वैचारिक मंथन की अत्यंत आवश्यकता है। प्राचार्या रचना अरोड़ा ने भविष्य में भी महिला-सशक्तिकरण संबंधी सार्थक आयोजन करते रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर सभागार में महिला सशक्तिकरण से ओत-प्रोत कविताएं भी प्रस्तुत की।

# अपने हुनर को पहचान बनें आत्मनिर्भर : डॉ. शमीम शर्मा



आदर्श महिला महाविधाल में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व स्टाफ सदस्य। विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

भिवानी। राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को आदर्श महिला महाविद्यालय सभागार में महिला प्रकोष्ठ नवज्योति के तत्वावधान में शिक्षाविद डॉ. शमीम शर्मा के विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजिकाओं डॉ. अपर्णा बत्रा एवं डॉ. इंदू शर्मा ने डॉ. शमीम शर्मा का अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि अपने हुनर को पहचान आत्मनिर्भर बनें। डॉ. शमीम शर्मा ने महिला सशक्ति करण समस्याएं, समाधान एवं संभावनाएं पर अपने विचार साझा किए। आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित। प्राचार्य रचना अरोड़ा ने कहा कि माता-पिता एवं अध्यापक का कहना मानें, आत्मविश्वास के साथ विचारों की अभिव्यक्ति करें। अपनी इच्छा शक्ति को उच्च रखें व कानूनों के प्रति जागरूक रहें।

महाविद्यालय छात्राओं, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मधु मालती एवं प्राध्यापिकाओं ने कार्यक्रम में विशेष रुचि ली और डॉ. शमीम शर्मा के साथ स्त्री-जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर सभागार में महिला सशक्तीकरण से ओत-प्रोत कविताएं भी छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई।

सूचना 2021-22 3.3.2022

# (3) महिला प्रकोष्ठ - नवज्योति एवं ललित कला विभाग

'महिला दिवस' के उपलक्ष्य में 'महिला प्रकोष्ठ - नवज्योति' एवं 'ललित कला विभाग' के संयुक्त तत्वावधान में 8 मार्च 2022 को Flower-Jewellery Making Competition का आयोजन किया जा रहा है। अतः समस्त संकाय (B.A, B.Com., B.Sc., BCA, PG) की जो छात्रा प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती हैं, वे सभी 7 मार्च, 2022 तक Flower Jewellery घर से बनाकर Fine Arts Department में जमा करवाएं। इसके नियम निम्नलिखित हैं -

1. Artificial Flowers तथा कोई भी Material प्रयोग किया जा सकता है।
2. कोई भी 3 Pieces (Neck Piece, Borla, Mang Teeka, Ring, Bangle etc.) Jewellery का set बनाकर जमा कराएं।
3. set के साथ छात्रा अपना नाम, कक्षा, रोल नं०, फोन नं० अवश्य अंकित करें।

प्रतियोगिता के परिणाम 8 मार्च को घोषित किए जाएंगे तथा उसी दिन विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

Fine Arts Department के Notice Board पर प्रतिभागी छात्राएं 8 मार्च को प्रतियोगिता का परिणाम देख सकती हैं।

डॉ० इन्दु शर्मा Indu Sh. 3.3.2022
रजिता सहरावत Rajita 03.03.22
सीमा Seema

(3)

2021-22

# Results of Flower Jewellery Making Competition (8/3/...)

| Name | class | Roll No. | Position |
|---|---|---|---|
| Anju | B.A III | 1435 | FIRST |
| Anju | M.A I | 5009 | SECOND |
| Archi | B.C.A 2nd yr | 4705 | THIRD |
| SURUCHI | B.SC III | 3043 | CONSOLATION |

Sangeeta 8/3/2022
Mrs. SANGEETA

N. Sharma 8/3/2022
Dr. NISHA SHARMA

31/12/21.

# WOMEN CELL & Dept. of Fine Arts

2021-22

(4)

Women cell in collaboration with the Department of Fine Arts in organizing an 'Exhibition cum sale' on 26th Jan. 2022. This exhibition will have all kinds of handicrafts, painting, small articles prepared by students under the scheme 'Earn while you learn'. Any student can participate in the exhibition - if you make any article show it to the teachers- Mrs. Rajita and Mrs. Seema (Department of fine arts) for approval before 10 Jan 2022. After approval, you can prepare those articles, sell them from these counters and make a profit.

No article can be displayed or sold without prior notice.

Dr. Aparna Batra
Dr. Indu Sharma
Women Cell Coordinators

Mrs. Rajita Sehrawat
Mrs. Seema
Dept. of Fine Arts

"Skill Development gives Financial Independence"

Women Cell, Dept. of Fine Arts and Home Science of

# Adarsh Mahila Mahavidyalaya, Bhiwani

cordially invite you to

# Exhibition Cum Sale

of all articles hand crafted by our students

**Prof. R.K. Mittal**

*Vice-Chancellor,*
*Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani*

*will be the Chief Guest*

**Mrs. Darshana Gupta**

*President, Governing Body*

*will preside over*

| | | |
|---|---|---|
| **Date** | : | **9-10 May 2022** |
| **Inauguration** | : | **10.00 am** |
| **Exhibition Timings** | : | **10.00 am-2.00 pm** |
| **Venue** | : | **College Auditorium** |

**Dr Aparna Batra**
**Dr Indu Sharma**
**Sangeeta Manrow**
Co-ordinators

**Rachna Arora**
Principal

**Ashok Buwaniwala**
Gen. Secretary



Azadi Ka Amrit Mahotsav
ADARSH MAHILA MAHAVIDYALAYA
Bhiwani, Haryana
presents a unique venture - Joint collaboration of
Deptt. of Home Science
Deptt. of Fine Arts
Women Cell 'Navjyoti'
HOME DECOR
Rabindranath Tagore Jayanti, Skill Development
EXHIBITION-CUM-SALE
of
PRODUCTS CRAFTED WITH LOVE BY OUR
TALENTED STUDENTS
DUPATTAS
BED LINEN
LIPPEN ART
9-10 May 2022
10.00 am to 2.00 pm
College Auditorium
DO VISIT TO ENCOURAGE OUR STUDENTS

# ADARSH MAHILA MAHAVIDYALAYA
## BHIWANI

### Women Cell & Dept. of Physical Education



celebrate

# INTERNATIONAL YOGA DAY

21st June 2022
Time : 8 AM to 9 AM

Formal Closing of

## 7 Day Yoga Camp

**Chief Guest**

**Mrs. Reetu Singh** (Registrar CBLU, Bhiwani)

**Guest of Honor**

**Sh. Ashok Buwaniwala**

***All are cordially invited***

**Rachana Arora**
**(Principal)**

Hansi Gate, Bhiwani | 01664-242414 | www.ammb.ac.in | principalammb@gmail.com


Mahavidyalaya,



